# पार्षदों की बगावत जारी, मंत्री से मिले

## आपसी विवाद में उलझा विकास, सड़क हादसे में दो पार्षद घायल



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा, 13 जुलाई, विदिशा की नगर पालिका में पार्षदों के बगावत के तेवर जारी हैं. पहले जहां कई पार्षदों ने नगर पालिका अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी की थी और मामला ठंडे वस्ते में चला गया. नपा के पार्षदों का मामला केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान तक पहुंच गया है. केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात के बाद पार्षदों को सलाह दी गयी कि वे संगठन मंत्री और भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष से मुलाकात करें. जहां पार्षदों ने दोनों मुलाकात की और उन्हें यह भरोसा दिलाया कि वह इस पूरे मामले को देखेंगे. बताया गया कि करीब 15-17 पार्षद मुलाकात करने के लिये भोपाल पहुंचे थे.**

**देर रात तक हुई बैठकें:** शनिवार रात अध्यक्ष समर्थक पार्षदों को जैसे ही पता चला कि रविवार को कुछ विरोधी पार्षद भोपाल जाकर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मिलने वाले हैं तो हड़कंप मच गया. इसके बाद अहमदपुर क्षेत्र स्थित नगरपालिका अध्यक्ष के कार्यालय और फिर सागर पुलिया क्षेत्र स्थित उनके निवास पर बैठकें शुरू हो गईं जो देर रात तक चलती रहीं.

**मलाईदार कुर्सी की चाहत में पार्षदों का डोला ईमान!** करीब 400 करोड़ का बजट रखने वाली नगर पालिका में अध्यक्ष की कुर्सी हांसिल करने के लिये पार्षदों ने अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाकर उसे पास कराने की पूरी कोशिश कर ली है लेकिन जितने पार्षदों की संख्या की जरूरत है. उतने पार्षद एकत्रित नहीं हो पा रहे हैं और बार बार अविश्वास प्रस्ताव की हवा निकल रही है.

### घर लौटते समय हादसा, दो घायल

बैठकों के बाद वार्ड 23 के पार्षद प्रतिनिधि जमुना कुशवाहा और वार्ड 24 के पार्षद धर्मेंद्र सक्सेना को एक पार्षद प्रतिनिधि ने मिलने के लिए बुलाया. बताया गया कि मुलाकात के बाद जब दोनों लौट रहे थे तभी रात करीब 2 बजे लड्ढा एजेंसीज के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनके दो पहिया वाहन को पीछे से टक्कर मार दी. हादसे में दोनों घायल हो गए.जिन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय ले जाया गया. घटना को लेकर पार्षद प्रतिनिधि अखिलेश राजपूत ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट करते हुए इसे घातक हमला करार दिया है.हालांकि इस मामले में अभी घायल हुए पार्षदों से चर्चा नहीं हो सकी है.

### कार की स्पीड से लग रहा है मारी है टक्कर

अब सवाल उठता है कि क्या यह वाकई महज एक सड़क हादसा है या फिर पार्षदों के बीच चल रहे राजनीतिक विवाद का कोई भयावह संकेत? संगठन इस पूरे घटनाक्रम पर चुप क्यों है? जनता की समस्याओं से मुंह मोड़ कर क्या केवल कुर्सी की राजनीति ही प्राथमिकता बन चुकी है? नगर के हालात यह सवाल करने पर मजबूर कर रहे हैं कि आखिर कब तक विकास कार्यों को नजरअंदाज कर सियासी दांवपेंच चलते रहेंगे? कुछ सेकेंड के वायरल हुये वीडियो में देखकर कयास लगाये जा रहे हैं कि पार्षदों को जिस कार ने पीछे से टक्कर मारी है उसकी रफ्तार काफी तेज है.सुनसान सड़क पर हुये इस हादसे का वायरल वीडियो के बाद भी पुलिस न तो कार का पता कर सकी और न ही टक्कर मारने वालों के बारे जानकारी जुटा पायी.

# किसान पर रॉड से हमला, दो भाइयों पर केस दर्ज

## ट्रांसफार्मर से तार डालने को लेकर हुआ विवाद

**नवभारत न्यूज़**

**सलामतपुर, 13 जुलाई. रविवार सुबह लगभग साढ़े आठ बजे सालेरा गांव में बिजली ट्रांसफार्मर में डोरी डालने को लेकर दो पड़ोसी किसानों में जमकर मारपीट की घटना हो गई, जिसमें एक किसान के सिर पर दो सगे भाइयों ने लोहे की रॉड से हमला कर दिया. हमले से किसान का सिर फट गया. घायल किसान को ईलाज के लिए तत्काल सांची सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई.**

वहीं पुलिस ने फरियादी जीतेन्द्र धाकड़ पिता सुखराम धाकड़ निवासी सेवासनी की रिपोर्ट पर आरोपी दो सगे भाइयों बाबूलाल धाकड़ और हरिनारायण धाकड़ पिता गोरेलाल धाकड़ निवासी सेवासनी के विरुद्ध धारा 115(2), 351(3),3/5 बीएनएस का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है. थाने के प्रधान आरक्षक हेत सिंह मीणा ने बताया कि रविवार सुबह सालेरा गांव में 8 से 8:30 बजे के बीच किसान जीतेन्द्र धाकड़ के खेत पर लगे बिजली ट्रांसफार्मर में पड़ोसी खेत वाले किसान बाबूलाल धाकड़ और हरिनारायण धाकड़ अपनी पानी की मोटर चलाने के लिए डोरी डाल रहे थे. जीतेन्द्र ने डोरी डालने से मना किया तो गुस्से में आकर लोहे की रॉड से जीतेन्द्र के सिर पर वार कर दिया. जिसकी वजह से जीतेन्द्र के सिर में चोटें आ गई.

### इनका कहना है....

रविवार सुबह के समय सालेरा गांव में दो पड़ोसी किसानों के बीच ट्रांसफार्मर में डोरी डालने को लेकर मारपीट की घटना हो गई है. एक किसान के सिर में लोहे की रॉड से मारकर घायल कर दिया है. 2 आरोपी सगे भाइयों पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है.

**दिनेश सिंह रघुवंशी, थाना प्रभारी सलामतपुर.**

# पंचायत, मंदिर, दालान में लग रही शालाएं

## अत्यधिक जर्जर भवनों के चलते अन्यत्र शिफ्ट किए स्कूल



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा, 13 जुलाई. पढ़ाई के स्तर को बेहतर बनाने शासन द्वारा लाखों, करोड़ो रुपये खर्च कर बच्चों को शासकीय स्कूलों में अच्छी से अच्छी पढ़ाई की सुविधा देने के प्रयास किए जा रहे है वहीं जिले में ही दर्जनों की संख्या में ऐसे शासकीय शाला भवन है जिनको अपनी मरम्मत का इंतजार है. जर्जर भवनों में जोखिम उठाकर नौनिहाल पढ़ाई करने को मजबूर है.**

बारिश को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से अत्यधिक जीर्णशीर्ण भवनों वाली शालाओं को यहां से अन्यत्र शिफ्ट किया गया है. ब्यावरा विकासखण्ड में 12 शालाओं को पंचायत भवन, मंदिर प्रांगण, आंगनवाड़ी भवन, निजी घर, दालान में शिफ्ट किया गया है.

विदित है कि जिले की 393 प्राथमिक शालाओं की मरम्मत हेतु जिले से प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालय को बारिश पूर्व भेजा जा चुका है. नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में दर्जनों की संख्या में ऐसे शासकीय स्कूल भवन है जिनकी छत, दीवार, फर्श टूटफूटकर बदहाल अवस्था में है.



# शिव मंदिर में जल अभिषेक करेंगे कावड़िये

**नवभारत न्यूज**

**चिचोली, 13 जुलाई. भगवान शिव आराधना उपासना शुक्रवार से प्रारंभ हुई है। श्रावण मास के पवित्र माह में शिवजी के जलभिषेक से पुण्य लाभ अर्जित करने उद्देश्य के चलते बोल बम कल यात्रा निकल जा रही है।**

एक ही समय में दो महत्वपूर्ण पवित्र धार्मिक स्थान पर शिवजी का जल अभिषेक करेंगे। पूज्य ब्रह्मलीन संत तपश्री बाबा कर्मस्थली झापल आश्रम में शिव मंदिर में जल अभिषेक करेंगे, फिर वहां झापल आश्रम से जल भर का नसीराबाद अटल चौक स्थित शिव मंदिर में जल अभिषेक करेंगे।

# हे भगवान! अब आपके मंदिर भी नहीं सुरक्षित

- चोर मंदिर के चप्पे-चप्पे से था वाकिफ, ऊपर से लाया कटर
- सीसीटीवी कैमरे में चोर की हरकत हुई कैद



**नवभारत न्यूज**

**सीहोर. पुलिस की रात्रिकालीन गश्त व्यवस्था को चुनौती देते हुए चोर ने सब्जी मंडी स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर की दानपेटी को कटर से काटते हुए उसमें रखी हजारों रुपए की दानराशि पर हाथ साफ कर दिया. इससे ठीक एक दिन पहले बिजलीघर चौराहे स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर की दानपेटी काटकर भी चोर नगदी पर हाथ साफ कर गए थे. कोतवाली पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर चोरों की तलाश प्रारंभ कर दी है.**

शहर में आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वाले तत्वों की नजर से अब भगवान के मंदिर भी महफूज नहीं हैं. बीती रात शहर के व्यस्ततम नमक चौराहा स्थित प्राचीन श्री सिद्ध हनुमान मंदिर पर एक चोर ने धावा बोला. बताया जाता है कि मंदिर के मुख्य द्वार से अंदर जाने के लिए चोर ने पहले अपने पास रखी चाबी से ताला खोलने की कोशिश की, लेकिन जब सफलता नहीं मिली तो उसने ताला तोड़ा और अंदर दाखिल हो गया.

सूत्रों की मानें तो चोर मंदिर के चप्पे- चप्पे से वाकिफ था. तभी वह मंदिर के प्रथम तल पर गया और वहां एक कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखी कटर मशीन उठाकर नीचे लाया और उसे बिजली के बोर्ड में लगाकर वहां रखी दानपेटी को काटने लगा. लगभग आधे घंटे की कयावद के बाद उसने दानपेटी में इतनी जगह बना ली कि आसानी से उसका हाथ अंदर जा सके. इसके बाद उसने दानपेटी में रखी दानराशि को समेटा और चलता बना.

## एक नजर में



### विवि अस्पताल परिसर में पौधारोपण

**सागर.** अग्रवाल महिला महासभा द्वारा डॉ हरिसिंह गौर यूनिवर्सिटी के अस्पताल स्वच्छ एवं स्वास्थ्य विभाग में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिला अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षा अग्रवाल ने बताया कि हम सभी को पेड़ लगाना ही महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि पेड़ों की देखभाल भी होनी चाहिए तभी वृक्षारोपण का महत्व है. इस अवसर पर संभागीय अध्यक्ष सीमा अग्रवाल, मोनिका, रितु, ममता, वर्षा, रीति, मयूरी, नेहा, तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहे.

### कॉम्बिंग नाइट गश्त के तहत 193 गिरफ्तार

**बैतूल.** पुलिस ने जिले भर में एक व्यापक कांबिंग नाइट गश्त अभियान चलाया गया। इस दौरान 129 गिरफ्तारी वारंटी, 64 स्थायी वारंटी कुल 193 गिरफ्तारियां की गई। दरअसल पुलिस अधीक्षक बैतूल निश्चल झारिया के नेतृत्व में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी के मार्गदर्शन तथा समस्त एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों की सक्रिय सहभागिता से रात्रि को जिले भर में एक व्यापक कांबिंग नाइट गश्त अभियान चलाया गया। इस सघन अभियान का उद्देश्य वारंटियों की गिरफ्तारी, निगरानी बदमाशों की चेकिंग एवं अपराध पर नियंत्रण स्थापित करना रहा।

### एसपी ने ली समीक्षा बैठक, दिये निर्देश

**विदिशा.** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम में जिले के थाना कोर्ट मुंशी, समंस वारंट मुंशी एवं न्यायालय कोर्ट मोहर्रिरों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई.बैठक में एसपी काशवानी ने थानावार स्थायी, समंस, वारंट की तामीली एवं चालान पेश होने की प्रगति की समीक्षा की. उन्होंने निर्देश दिए कि अधिक से अधिक समंस, वारंट व स्थायी वारंट की तामीली शीघ्र कराई जाए और लंबित चालान समयसीमा में न्यायालय में पेश किए जाएं.



### हादसों से सबक नहीं ले रहे पर्यटक, पुलिस ने दिखाई सख्ती

**बुधनी.** बारिश का मौसम, हर तरफ हरियाली और कल कल बहते झरने पर्यटकों को अपनी और खींच रहे हैं. दूसरी और वन क्षेत्र होने के चलते जहां बिना बारिश के भी पहाड़ी नालों में अचानक बाढ़ आ जाती है. जिससे कई बार हादसे हो चुके हैं. इन्हें रोकने के लिए वन विभाग और पुलिस प्रशासन ने चेतावनी के संकेत भी लगाए हैं और तार फेंसिंग भी की है. लेकिन पर्यटक हैं कि मानने को तैयार ही नहीं हैं. लेकिन अब प्रशासन ने ऐसे स्थानों पर जाना पूर्णत: प्रतिबंधित कर दिया है और सख्ती भी दिखाई है.

### कामधेनु योजना के तहत मिलेगा ऋण और अनुदान

**गुना.** मध्यप्रदेश शासन के पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा मुख्यमंत्री विकास योजना के अंतर्गत डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना का क्रियान्वयन शुरू किया गया है। इस योजना का उद्देश्य देश में बढ़ती दूध और दुग्ध उत्पादों की मांग को पूरा करना और दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना है।

# पहाड़ी बांध का जलस्तर बढ़ने से गांव बने टापू



**नवभारत न्यूज**

**हरपालपुर. पहाड़ी बांध का जलस्तर बढ़ने से नजदीकी ग्रामीण अंचलों में बाढ़ यानि टापू जैसे हालात बनने लगे हैं। बारिश के चलते हालातों से निपटने पहले से ही नजदीकी गांव नाऊपहारिया, लहादरा, चपरन को अलर्ट मोड पर रखा गया है। शनिवार की शाम चपरन गांव के दो दर्जन लोगों को बाढ़ ग्रस्त गांव से सुरक्षित निकाला गया जिन्हें गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में पहुंचाने का कार्य प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा किया गया। जहां प्रशासन ने उनके खान-पान की समुचित व्यवस्था की है।**

रविवार को धूप निकलने के कारण जलभराव में कमी आई है। जिसके चलते जलभराव कम होने से ग्रामवासियों ने राहत की सांस ली है। उल्लेखनीय होगा जिला कलेक्टर पार्थ जायसवाल के निर्देश पर प्रशासन की तैनात टीम ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया था। कलेक्टर के निर्देशन में नौगांव तहसीलदार चपरन गांव में बाढ़ जैसे हालातों से निपटने लगातार नजर बनाए हुए हैं।

# डेंगू मलेरिया को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम कर रही जागरुक

**पिपरिया.** डेंगू मलेरिया को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम शहर व ग्रामों में सक्रिय हो गई है।बारिस के दौरान मच्छरो के पनपने के कारण बीमारियां फैलती है इसको ध्यान में रखते हुए मलेरिया इंस्पेक्टर पुनीत शर्मा ने बताया कि शहर व ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाडी कार्यकर्ता, सहायिका, नागरिको को जागरूक कर रहे है। इस दौरान बताया जा रहा है कि गंदे पानी वाले मच्छर गंदे पानी में और साफ पानी वाले मच्छर साफ पानी में अंडे देते है यदि उस स्थान पर पानी भरा रहे तो ये अंडे चार दिनो में लार्वा में बदल जाते हैं.

# 4 झोलाछाप डॉक्टरों पर हुई कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई 13 जुलाई, जिला प्रशासन को लंबे समय से मिल रही शिकायतों के बाद जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों के द्वारा झोला छाप डॉक्टरों के द्वारा फर्जी तौर पर चलाए जा रहे क्लिनिकों पर छापे मारे गए. विगत एक पखवाड़े से झोलाछाप डॉक्टरों की डिग्री एवं उनके क्लीनिक संचालन के वैध प्रमाण पत्रों की प्रशासनिक स्तर पर जांच की जा रही थी.**

लंबे समय तक जांच एवं पूछताछ के उपरांत रविवार की शाम कुरवाई थाने में चार झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है. पुलिस थाना कुरवाई में पदस्थ हेड कस्टेबल शेर सिंह रघुवंशी ने बताया कि अवैध रूप से चिकित्सा क्लीनिक का संचालन कर रहे 4 झोला छाप डॉक्टरों पर मुकदमा कायम कर कार्रवाई की गई है.



# नदी पार करते समय बुजुर्ग महिला बहकर लापता

**नवभारत न्यूज**

**गुना, 13 जुलाई. जिले में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त होता जा रहा है। जहां एक ओर शहर की गलियों और कॉलोनियों में जलभराव की स्थिति है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश अब जानलेवा भी साबित हो रही है।**

रविवार को कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुशालपुर में एक 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला कंचनबाई अहिरवार कनेरा नदी (सिंध नदी की सहायक नदी) को पार करते समय बह गईं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कंचनबाई रविवार सुबह शौच के लिए नदी पार कर रही थीं, तभी तेज बहाव में उनका संतुलन बिगड़ गया और वे पानी में बह गईं। परिजनों और ग्रामीणों को जब इसकी जानकारी लगी तो उन्होंने आसपास तलाश शुरू की, लेकिन सफलता नहीं मिली। बाद में सूचना प्रशासन को दी गई, जिस पर तहसीलदार सहित प्रशासनिक अमला और रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची और महिला की खोजबीन शुरू की गई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से महिलाओं को अब भी नदी पार कर खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है।

# श्मशान घाटों ने खोली जिले के विकास कार्यों की पोल

## पीपलखेड़ा में श्मशान न होने से परेशान लोगों ने किया चक्काजाम



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर, 13 जुलाई. जिले में हुए विकास की इबारत आए दिन नेताओं द्वारा मंचो से पड़ी जाती है और जनता से खूब वाहवाही लूटी जाती है, लेकिन विकास की इसी इबारत की पोल जिले के श्मशान घाट आए दिन उजागर कर रहे है, क्योंकि जिले के कई गांवों में आजादी के 75 वर्ष बीतने के बाद भी श्मशान घाट नहीं बने है, वहीं बन गए है, तो उनका उद्घाटन नहीं हुआ है, जिसके कारण उनका उपयोग कोई नहीं कर सकता।**

ऐसे ही दो मामले रविवार को सामने आए जहां जिलामुख्यालय के समीपस्थ ग्राम पीपलखेड़ा में श्मशान घाट न होने से परेशान लोगों ने चक्काजाम कर दिया और मृतिका के शव को दाह संस्कार के लिए अशोकनगर के मुक्तिधाम लाना पड़ा, तो वहीं दूसरा मामला चंदेरी जनपद की ग्राम पंचायत नानकपुर के ग्राम कुवंरपुर का जहां मुक्तिधाम तो बन गया, लेकिन उसका उद्घाटन न होने के कारण उसका कोई उपयोग नहीं कर सकता, जिसके चलते ग्रामीणों को खुले में टीन और तिरपाल लगाकर दाह संस्कार करना पड़ा।

### इनका कहना है...

*श्मशान घाट का निर्माण पूर्व सरपंच द्वारा नहीं कराया गया, जिसके कारण पूर्व सरपंच पर धारा 92 के तहत गबन की कार्रवाई की जा रहीं है। वहीं भूमि का सीमांकन कराकर श्मशान का निर्माण कार्य शुरू करवाया जा रहा है। जहां दिक्कत आ रहीं वहीं कार्य शुरू किए है।*

***बृज विहारीलाल श्रीवास्तव, एसडीएम अशोकनगर।***

**समस्या** | नगर के दो वार्डों से निकलना हो रहा मुश्किल

# दलदल भरे रास्ते से निकलने को मजबूर हो रहे वार्ड के रहवासी



**नवभारत न्यूज**

**बीना 13 जुलाई. चंद्रशेखर वार्ड के रहवासियों के घरों तक पहुंचना बड़ी चुनौती है. कीचड़ से भरे रास्ते से बच्चे महिलाएं और बुजुर्गों का आना जाना होता है. रहवासियों ने कई बार आवेदन एवं ज्ञापन दिया है.**

पिछले वर्ष नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमति लता सकवार द्वारा आश्वासन दिया गया कि जल्द ही रोड का निर्माण कार्य शुरू हो करा दिया जाएगा, रोड की नाप तोल की गई. लेकिन रोड जस की तस है. वर्षा का पानी भरा होने के कारण रास्ते में और अधिक गहरे गड्ढे हो गए हैं. ऐसा ही आलम शास्त्री वार्ड का है शास्त्री वार्ड स्थित न्यू सब्जी मंडी पहुंचने के लिए जो रास्ता है वहां जगह-जगह पानी भरा होने से आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है ना तो नगर पालिका परिषद का ध्यान है ना ही जनप्रतिनिधियों का? थोक सब्जी मंडी के रास्ते में जगह-जगह गड्ढे, आम नागरिकों का निकलना दूभर होता है. सब्जी फल विक्रेता की भावनाओं के साथ होता है, खिलवाड़ ना तो उन्हें स्थाई मंडी है. जहां वह सब्जियों और फलों का विक्रय कर सके आए दिन प्रशासन द्वारा यहां से वहां भगाया जाता है.

थोक सब्जी मंडी के रास्ते की स्थिति क्या है यह किसी से छुपा हुआ नहीं किंतु ना तो उन रास्तों का ख्याल है ना ही सब्जी और फल विक्रेताओं की भावनाओं का ख्याल. जगह-जगह कीचड़ से लवरेज रास्ता, कहीं गड्ढे कहीं उबड खाबड़ पानी से भरे रास्ते से सब्जी और फल विक्रेताओं को जाना पड़ता है. किसान रामबाबू कुशवाहा ने बताया कि गांव से आना तो आसान है किंतु जब परिसर के रास्ते से गुजरते है तो यह डर बना रहता है कहीं गिर ना जाए.

# चाकू लिए आरोपी पकड़ा

**नवभारत न्यूज**

**सागर, 13 जुलाई. पुलिस थाना सानौधा ने अपराधी प्रवृत्ति के युवक को अवैध धारदार चाकू के साथ पकड़ा है. जिस पर थाना गोपालगंज में पूर्व से 5 अपराध दर्ज हैं.**

थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर से मिली जानकारी के अनुसार सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम अमोदा में तिगड्डा के पास एक व्यक्ति हाथ में स्टील जैसी धातु का धारदार चाकू लहराते हुए लोगों को भयभीत कर रहा है. टीम द्वारा राहगीर गवाहन को साथ लेकर बताए गए स्थान पर पहुंची. एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया.